हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 4 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24.9 डिग्री
न्यूनतम 3.5 डिग्री

12 थाने व सब तहसील का डीसी ने किया औचक निरीक्षण



12 वर्ली आर्ट में रामपुर सरसेहड़ी की अनुष्का ने मारी बाजी



## खबर संक्षेप

### युवक ने 10 वर्षीय बच्ची से किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि उसकी 10 वर्षीय लड़की दो दिसंबर को शाम साढ़े छह बजे घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान उसकी बेटी को राजेश कॉलोनी बाड़ी माजरा निवासी प्रियांशु उर्फ चीनू बहला फुसलाकर अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गया। जहां आरोपी ने डरा धमका कर उसकी बेटी के साथ गलत काम किया। आरोपी ने उसकी बेटी को इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद आरोपी उसकी बेटी को घर के नजदीक छोड़कर मौके से फरार हो गया। तबीयत बिगड़ने पर जब उसने अपनी बेटी से इस बारे पूछा तो उसने घटना के बारे में बताया।

### दुकान में सेंधमारी कर दो लाख की नकदी चोरी

**यमुनानगर।** गांव खानपुरा निवासी बलजिंदर कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी गांव खानपुरा हडोली अड्डे पर हलवाई की दुकान है। एक दिसंबर को उसके पास दो लाख रुपये की पेमेंट आई थी। उसने यह पेमेंट दुकान में रख दी और रात को आठ बजे दुकान बंद करके अपने घर चला गया। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो शटर खोलने पर अंदर सामान बिखरा मिला। जांच करने पर दुकान में रखे दो लाख रुपये गायब मिले। जब उसने जांच की तो दुकान की पिछली दीवार टूटी हुई मिली।

### मकान में अलमारी से 6.20 लाख रुपये चोरी

**यमुनानगर।** कैंप पार्क निवासी शोभित सुनेजा ने गांधीनगर पुलिस को बताया कि 15 नवंबर को उसके पास 6 लाख 10 हजार रुपये की पेमेंट आई थी। यह पेमेंट उसने अपने घर की अलमारी में रख दी थी। शाम को करीब सात बजे वह किसी काम से घर से बाहर गया था। रात को करीब साढ़े आठ बजे जब वह वापस लौटा तो घर में अलमारी खुली मिली। जांच करने पर अलमारी में रखें छह लाख 10 हजार रुपये गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### समारोह में डीजे बजाने को लेकर दो पक्ष भिड़े

**यमुनानगर।** गांव जटहेड़ी निवासी संदीप कुमार ने छछरौली थाना पुलिस को बताया कि उनके गांव में शादी समारोह था। समारोह में रविंद्र, ललित, विशाल व अंकित आए हुए थे। इस दौरान उनका रविंद्र व उनके साथियों के साथ डीजे बजाने को लेकर आपस में बहस हो गई। आरोपी रविंद्र, ललित, विशाल व अंकित ने गाली-गलौज व हाथापाई करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने साहिल के गले से सोने की चेन निकाल ली और इसके बाद समारोह में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की और गाड़ियों से करीब 80 हजार रुपये चोरी कर लिए।

कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन

# ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर लोक संस्कृति के अनोखे संगम ने छोड़ी अपनी अलग छाप

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्टीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट ब्रह्मसरोवर की मध्यम लहरों और लोक संस्कृति के अनोखे संगम ने अपनी एक अलग छाप छोड़ने का काम किया है।

इस महोत्सव में विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों द्वारा अपने-अपने प्रदेश की लोक संस्कृति को दिखा रहे है। एनजैडसीसी की तरफ से बीन बांसुरी, कच्ची घोड़ी के नृत्य व नगाडे और ढोल की थाप पर लोग थिरकते नजर आ रहे है। इन लोक क ला का रों की धुन और मधुर आवाज के सामने महोत्सव में आने वाला प्रत्येक पर्यटक अपने आप को महोत्सव के रंग में रगने से रोक नहीं पा रहा है। इस लोक संस्कृति ने पर्यटकों में जोश भरने का काम किया है। ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों से आए लोक कलाकारों की लोक कला को संजीव रखने का यह एक अनोखा मंच है। गीता महोत्सव में आए शिल्पकारों का कहना है कि वे अपनी इस शिल्पकला को संजीव रखने के लिए अपने-अपने प्रदेश में हजारों युवाओं को भी इस शिल्पकला को सिखाने का काम कर रहे है। इस शिल्पकला से हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिल रहे है। शिल्पकारों और लोक कलाकारों का कहना है कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन हर प्रदेश में होना चाहिए ताकि लुप्त होती शिल्प और लोक कला को संरक्षित किया जा सके।

- विभिन्न प्रदेशों की लोक संस्कृति ने पर्यटकों में जोश भरने का काम किया




कुरुक्षेत्र। गीता महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### लकड़ी की कारविंग कला से जीता पर्यटकों का दिल

*कुरुक्षेत्र। महोत्सव में सरस और क्राफ्ट मेले में विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों ने अपनी हस्त शिल्पकला को अद्भुत तरीके से सजाने का काम किया गया है। अहम पहलू यह है कि सांगवान की लकड़ी से पॉट बनाकर और कारविंग की शिल्पकला को पूरे राष्ट्र में पसंद किया गया। अहम पहलू यह है कि सहारनपुर से आए शिल्पकार आरिफ पिछले कई सालों से महोत्सव में अपनी शिल्पकला के साथ पहुंच रहे है। ब्रह्मसरोवर के पावन घाटों पर अलग-अलग राज्यों से पहुंचे शिल्पकारों की शिल्पकला पर्यटकों के मन को मोह लिया है। गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 5 दिसंबर तक लगने वाले इस सरस और शिल्प मेले में शिल्पकारों की अनोखी शिल्पकला की मेहनत के सार को खुद में ही बयां कर रही है। महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर सहारनपुर से आए आरिफ ने महोत्सव में स्टॉल नंबर 769 पर अपनी शिल्पकला को रखा है। शिल्पकार आरिफ ने बातचीत करते हुए बताया कि वे अपने साथ लकड़ी का बना साज्जों-सजावट का सामान लेकर आए है। वे यह सारा सामान सांगवान, नीम, शीशम व टीक की लकड़ी से बनाते है। अपनी हस्त शिल्पकला का प्रदर्शन अन्य राज्यों में भी करते है। वे इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कई वर्षों से आ रहे है तथा इस बार वे अपने साथ झूला, कॉफी सेट, टी सेट, रॉकिंग चेयर, रेस्ट चेयर, फ्लावर पोर्ट, कार्नर व स्टूल लेकर आए है।*

## मिट्टी से बने बर्तन महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को कर रहे आकर्षित




कुरुक्षेत्र। गीता महोत्सव में मिट्टी के बर्तनों के स्टाल पर खरीदारी करते पर्यटक। फोटो : हरिभूमि

**कुरुक्षेत्र।** गीता महोत्सव पारंपरिक शिल्पकारों को अपनी शिल्पकला का प्रदर्शन करने के लिए एक बड़ा मंच प्रदान कर रहा है। यह महोत्सव न केवल उनकी कला को पुनर्जीवित कर रहा है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा दे रहा है। इस वर्ष महोत्सव में मिट्टी के बर्तनों के अनेक स्टॉल लगाए गए है, ये स्टॉल पर्यटकों के बीच एक विशेष आकर्षण का केंद्र बनकर उनका ध्यान अपनी तरफ खींच रहे है। मिट्टी के ये बर्तन हमारे स्वास्थ्य के लिए भी काफी लाभदायक है। कुरुक्षेत्र के गांव पिपली के रहने वाले शिवचरण ने अपने स्टॉल नंबर 680 पर बातचीत करते हुए बताया कि पर्यटक मिट्टी के बर्तनों के प्रति अपनी विशेष रुचि दिखा रहे है, जिसे अब केवल एक शिल्प के रूप में नहीं, बल्कि एक स्वस्थ जीवन शैली के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। मिट्टी के बर्तनों में पकाया या रखा गया भोजन और पानी अपने प्राकृतिक स्वाद और मिनरल्स को बनाए रखता है। लोग अब मिट्टी के बर्तनों के स्वास्थ्य लाभों को समझ रहे हैं। वे फ्रिज के ठंडे पानी के बजाय, घड़े का ठंडा पानी पीना पसंद करते हैं, क्योंकि यह गले के लिए आरामदायक होता है और प्राकृतिक रूप से ठंडा रहता है। उन्होंने कहा कि वे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्म सरोवर के तट पर अपने मिट्टी के बर्तनों को बेच ही नहीं रहे है, बल्कि दूसरों को भी बिजली के चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाकर दिखा रहे है। मिट्टी के बर्तन बनाना उनका पुश्तैनी काम है। उनके परिवार के सदस्य भी ये काम करते आए हैं और अब भी गांव में वह यह काम करते है। लेकिन उन्होंने आधुनिकीकरण के इस जमाने में और प्रतियोगिताओं के दौर में अपने बर्तनों को नया रूप देते हुए इन्हें आज के बाजार में उतारा है। वह अपने पास मिट्टी के मुखौटे, तुलसी गमले, रिंग बेल फ्लावर पॉट, वॉटर बॉल इत्यादि रखे हुए हैं। पहले मिट्टी के बर्तन सीधे चाक पर बनाए जाते थे, लेकिन आधुनिक जमाने में अपने आप को स्थापित करना बड़ी चुनौती है, इसलिए वह इन्हें नए-नए आकार देकर और इन पर मिट्टी की पॉलिश करके इन्हें साफ सुथरा बनाते हैं ताकि यह और अधिक आकर्षक बन सके।

## दुकानदार पर गोली चलाने के आरोपी अस्पताल से गिरफ्तार

- दो लाख रुपये में हुई थी व्यापारी हत्या की डील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

व्यापारी रामबीर शर्मा की हत्या की डील 2 लाख रुपए में हुई थी। इसमें शूटर्स को 1 लाख रुपए एडवांस मिल गए थे। पुलिस को जयकुमार और उसकी फैमिली पर शक ना हो, इसके लिए शूटर्स ने वारदात में इस्तेमाल बाइक और कपड़ों को जला दिया। साथ ही पुलिस को जयकुमार उसके बेटे विशाल के साथ फोन पर हुई बातचीत की डिटेल और सबूत ना मिले, उसके लिए शूटर्स ने अपने मोबाइल और सिम तोड़ कर फेंक दिए थे।

हालांकि पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल जलाई हुई बाइक को बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस 6 आरोपियों को पकड़ चुकी है। पुलिस टीम ने खेडी मारकंडा में दुकानदार रामबीर पर गोली चलाने तथा उसकी हत्या करने के मामले में मुठभेड़ में घायल आरोपियों को हस्पताल से छुट्टी के बाद गिरफ्तार कर लिया है। दो आरोपियों को पैर मे गोली मारकर काबू किया था वहीं तीसरे आरोपी को सुरक्षित गिरफ्तार कर लिया था।

### दो आरोपी गोली लगने से हुए थे घायल

*अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक प्रतीक गहलोत ने बताया कि 28 नवम्बर को पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल पर तीन लड़के हैं जो संदिग्ध हैं तथा उनके पास हथियार हैं जो गांव झीरबडी के पास घुम रहें हैं जो किसी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। सूचना पर पुलिस की टीम एनएच-44 पर झीरबड़ी के पास करनाल की तरफ सर्विस लेंन पर पहुंची जहां पर एक मोटरसाइकिल पर तीन लडके दिखाई दिए। पुलिस टीम ने शक के आधार पर मोटरसाइकिल सवार तीनों लडकों की तलाशी लेने के रुकने का इशारा किया तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर चार राउंड फायर किये। पुलिसकर्मियों ने अपने आप को बचाते हुए जवाबी फायरिंग की जो दो आरोपियों के पैर में गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस टीम ने तीसरे आरोपी को सुरक्षित गिरफ्तार कर लिया था।*

## पोक्सो एक्ट के दोषी को सुनाई पांच साल कठोर कारावास की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने पोक्सो एक्ट के आरोपी सावेज उर्फ गोलू वासी जिला हरिद्वार उतराखंड को 5 साल कठोर कारावास व 50 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। 17 फरवरी 2022 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में थाना शाहबाद वासी एक महिला ने बताया कि जिला पटियाला में उसकी शादी हुई है।

उसकी नाबालिग लडकी अपने मामा के घर आई हुई थी। जब उसकी लडकी मामा के घर पर अकेली थी तो आरोपी ने उसकी लडकी के साथ अश्लील हरकत की। लडकी ने उसका विरोध किया तो आरोपी उसको शादी का झांसा देकर बहलाने लगा। लडकी के घर आने के बाद आरोपी ने उसकी लडकी को डराया की उसकी वीडियो नेट पर डाल देगा। जब वह अपनी लडकी को लेकर आरोपी के पास गई तो उसने उनके साथ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी । जिसकी शिकायत पर थाना शाहबाद में मामला दर्ज करके जांच अमल में लाई गई।

## पानीपत नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स न देने पर दो फैक्ट्रियों समेत छह संपत्तियां सील की

बकाएदारों पर 44.38 लाख था बकाया

- जगाधरी के मानकपुर और पटेल नगर में दो फैक्ट्रियों और यमुनानगर में चार दुकानों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों पर नगर निगम यमुनानगर की टीम ने फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो फैक्ट्रियों समेत छह संपत्तियां को सील कर दिया। निगम की टीम ने यमुनानगर जोन में चार और जगाधरी में दो संपत्तियों सील की। इन बकाएदारों पर नगर निगम का 44 लाख 38 हजार 310 रुपए टैक्स बकाया था।

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर क्षेत्रीय कराधान अधिकारी संजय कुमार की टीम बुधवार देर शाम जगाधरी के पटेल नगर पहुंची। यहां निगम की टीम ने एक फैक्ट्री को सील कर दिया। इस संपत्ति पर निगम का 1641676 रुपए टैक्स बकाया है। सील करने के बाद निगम कर्मियों ने फैक्टी के गेट पर चेतावनी नोटिस भी चस्पा किया। जिस पर निगम की अनुमति बिना सील खोलने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात लिखी हुई थी। इसके बाद निगम की टीम ने मानकपुर फेस 2 स्थित मेटल फैक्ट्री को सील कर दिया। इस पर निगम का 242968 रूपये टैक्स बकाया था। हालांकि बाद में फैक्टी मालिक ने ऑनलाइन पूरा टैक्स जमा करवा दिया। जिसके बाद निगम ने फैक्ट्री की सील खोल दी गई। इसी तरह यमुनानगर जोन में क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया और जितेंद्र मल्होत्रा की टीम ने नेताजी सुभाष नगर में राजकुमार की दुकान को सील किया। इस पर 177492 रूपये टैक्स बकाया है। इसके बाद यमुनानगर बस स्टैंड के पास इंद्र की दुकान को सील कर दिया। इस पर 222901 रूपये टैक्स बकाया है। इसके बाद गोविंदपुरी रोड पर प्रवीण कुमार और मॉडल टाउन में राघवेन्द्र की दुकानों को सील किया गया।

प्रवीण की संपत्ति पर 1817646 रुपए और राघवेन्द्र की दुकान पर 335627 रूपये टैक्स बकाया है। संपत्तियां सील करने के साथ ही निगम द्वारा उन पर चेतावनी नोटिस चस्पाया कि यदि नगर निगम की अनुमति के बिना सील से छेड़छाड़ की या इसे खोलने का प्रयास किया गया तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



यमुनानगर। बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा न कराने पर फैक्ट्री सील करते निगम कर्मी।

### बकायादारों पर जारी रहेगी कार्रवाई

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स जमा न कराने वालों पर नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। एक लाख रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों की अब संपत्तियां सील की जा रही है। सीलिंग कार्रवाई से बचने के लिए संपत्ति मालिक अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराए। उन्होंने बताया कि जिनकी संपत्ति सील की गई है, उन्हें कई बार नोटिस जारी कर चेताया गया था। टैक्स जमा न कराने पर बकाएदारों को सुनवाई के लिए निगम कार्यालय बुलाया गया था। सुनवाई के बाद भी संपत्ति कर जमा न कराने पर सीलिंग कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इसलिए बकाएदारों से अपील है कि वे अपना संपत्ति कर नियमित जमा कराते रहे।

लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने की गीता महाआरती और पूजा

# गीता में मिलता है जीवन की हर समस्या का हल


- केडीबी की तरफ से मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता का उद्देश्य परमात्मा, आत्मा तथा सृष्टि विधान के ज्ञान को स्पष्ट करना है। जीवन की हर समस्या का हल गीता में मिलता है। गीता के प्रत्येक शोक में जीवन के हर प्रश्न का उत्तर शामिल है। जीवन उतार-चढ़ाव की एक यात्रा है।

यदि इस यात्रा में कोई पथ पर्दशक है तो वह केवल गीता ही है। ऐसा कोई मनुष्य नहीं, जिसके जीवन में कष्ट और परेशानियां न हों। लेकिन ऐसे दुखद समय का सामना करने का हौसला केवल गीता से ही प्राप्त होता है। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा बुधवार को देर सायं ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में महोत्सव के गीता महाआरती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, दिल्ली 30 हजारी कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नवीन कश्यप, उनकी धर्मपत्नी अनिता कश्यप, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आत्म प्रकाश मनचंदा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर ब्रह्मसरोवर की महाआरती और पूजा-अर्चना की तथा दीपशिखा प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से महाआरती का शुभारम्भ भी किया। इस महाआरती का गुणगान पंडित बलराम गौतम, पंडित सोमनाथ शर्मा, गोपाल कृष्ण गौतम, अनिल व रुद्र ने किया।

केडीबी की तरफ से सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि गीता जयंती महोत्सव के माध्यम से लोगों तक न केवल भगवान श्रीकृष्ण का पवित्र संदेश पहुंचा, बल्कि इस आयोजन से उनके जीवन में निष्काम कर्म की महत्ता का भी अहसास हुआ। विशेषकर युवाओं के उत्साह को देखकर पता चलता है कि उनकी धार्मिक भावनाएं आज भी श्रीमद्भगवद्गीता के साथ जुड़ी है।



कुरुक्षेत्र। महाआरती में भाग लेते जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर केडीबी सदस्य विजय नरुला, कैप्टन अमरजीत सिंह, अशोक रोशा, डा. ऋषिपाल मथाना, सौरभ चौधरी, सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सैनी, हरमेश सिंह सैनी, सुशील राणा, डा. अलकेश मोदगिल, राजेश शांडिल्य, डा. संदीप छाबड़ा, नंगली वाली कुटिया से स्वामी दिव्यानंदपुरी, महात्मा गोपालानंदपुरी, संत त्यागपुरी, संत माधवपुरी, संत सनातनपुरी, संत दयालपुरी, हिमाचल आलू अनुसंधान केंद्र के निदेशक देवेंद्र ठाकुर, पंजाब विवि संगीत विभाग के अध्यक्ष डा. विवेक वर्मा, सर्बजीत बंसल, सचिन गर्ग, समाजसेवी निशी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पुलिस कर्मी को कुचलने वाले चालक को 10 साल की कैद

- दोषी सावन पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

असिस्टेंट सेशन जज की कोर्ट ने पुलिस विभाग में नियुक्त स्पेशल पुलिस ऑफिसर (एसपीओ) जोगिंद्र पुत्र रणबीर निवासी गांव पलडी (पानीपत) पर कार चढा कर उसकी गैर इराद हत्या करने के आरोपी सावन पुत्र बलवान निवासी गांव कालखा को दोषी करार देते हुए उसे दस साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं एएसजे की अदालत ने दोषी सावन पर 25 हजार रूपये का जुर्माना भी किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

**यह है मामला :** पानीपत यातायात पुलिस में नियुक्त एसपीओ जोगिंद्र पुत्र रणबीर निवासी गांव पलडी जिला पानीपत तीन जून सन 2020 को थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र में अपनी टीम के साथ वाहनों की जांच कर रहा था। इस दौरान पुलिस टीम ने कार संख्या एचआर-26-एवी-1718 को चालक को जांच के लिए रूकने का इशारा किया। वहीं कार चालक ने पुलिस टीम को धमकी दी और अपने वाहन को तेज गति दे लगा लिया। इधर, एसपीओ जोगिंद्र ने कार को रोकने का प्रयास किया तो चालक सावन ने उस पर का चढा दी। जबकि कार की चपेट में आने से ई रिक्शा चालक घालय हो गया, दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान एसपीओ जोगिंद्र की मौत हो गई। इधर, यातायात पुलिस टीम में तैनान एएसआई रविंद्र कुमार की शिकायत पर आरोपी सावन पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के अधिकारियों की विश्रामगृह में बैठक

# सरस्वती नदी में जल प्रवाह कर गांवों को बाढ़ से बचाने पर कर रहे काम : धूमन

- सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने की बैठक की अध्यक्षता
- धूमन सिंह किरमच ने सरस्वती उद्गम स्थल का दौरा कर सरस्वती जलाशय, साइट डेवलपमेंट एक्टिविटी और अन्य कामों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर


यमुनानगर। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में आयोजित सरस्वती हेरिटेज बोर्ड की बैठक में निर्देश देते धूमन सिंह किरमिच।

सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के अधिकारियों की बैठक शहर के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमिच ने की। किरमिच ने कहा कि बोर्ड द्वारा योजना बनाकर सरस्वती नदी के प्रवाह कि लिए कार्य किया जा रहा है। सरस्वती नदी पर बन रही योजनाओं का आस-पास के गावों के ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। बोर्ड का मुख्य कार्य सरस्वती नदी से जुड़ी सहायक नदियों के पानी को कंट्रोल करना है। सरस्वती में जल प्रवाह करना व लोगों को बाढ़ के पानी से बचाने को लेकर कार्य किया जा रहा है। बारिश के कारण बाढ़ का जो पानी पहले नुकसान करता था, उसको सरस्वती बोर्ड के माध्यम से योजना बनाकर सही प्रबंधन करने के बाद कंट्रोल कर दिया है। बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमिच ने कहा कि अधिकारियों के साथ योजना बनाई गई है कि सरस्वती नदी के समीप जितनी सहायक नदियां व नाले बंद पड़े हुए हैं, उनका भी शुभारंभ किया जाए। सरस्वती नदी के किनारे बड़े-बड़े रिजर्वायर बनाए जाएं, जिसके तहत जिले के गांव रामपुर व छलौर में बड़े स्तर के रिजर्वायर बनाए जा रहे हैं। इस तरह के रिजर्वायर अन्य स्थानों पर भी बनाए जाने की योजना पर कार्य चल रहा है। किरमिच ने कहा कि कुरुक्षेत्र में 15 बड़े रिजर्वायर बनाए गए हैं। इसी तरह से इस क्षेत्र में जिन गांवों में जमीन मिलेगी वहां रिजर्वायर बनाए जाएंगे। दो जगह के प्रपोजल आए हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पानी बहुत है लेकिन पानी को कंट्रोल करने का तरीका लोगों के पास नहीं है। इसके लिए सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के माध्यम से काम किया जा रहा है। गांवों में घाट बनाए जाएंगेसरस्वती नदी वैदिक नदी रही है। युगों-युगों से पिंडदान करने व पूजा अर्चना के कार्य में सरस्वती नदी सबसे बड़ी नदी रही है। जिला यमुनानगर में पिंड दान व पूजा अर्चना के लिए कपालमोचन व सरस्वती नगर आते हैं। इन दोनों के बीच में जितने गांव पड़ते हैं उन गांवों में घाट बनाए जाएंगे ताकि लोग जल आचमन की पद्धति को दोबारा से शुरू कर सके।

### संगम घाट बनाने की है योजना

सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमिच ने कहा कि बोर्ड की योजना है कि गांव पाबनी के समीप जहां पर सरस्वती नदी व चेतंब नदी का संगम होता है, वहां संगम घाट बनाया जाए ताकि लोगों की श्रद्धा बनी रहे। उस क्षेत्र को बाढ़ से बचाने में सहयोग मिले। बोर्ड का मुख्य उद्देश्य सरस्वती नदी के किनारे स्थित गांवों में घाट व अन्य विकास कार्य करवाने से हैं। इसके बाद उन्होंने सरस्वती उद्गम स्थल का दौरा किया। उन्होंने सरस्वती जलाशय, साइट डेवलपमेंट एक्टिविटी और अभी चल रहे दूसरे कामों का निरीक्षण किया। मौके पर एससी अरविंद कौशिक, सुरेंद्र कुमार, अजय नैन, एसडीएम धर्मपाल, सुशील ढुल, बलविंद्र शर्मा व अंकुश धीमान आदि मौजूद रहे।

### गंदा पानी सरस्वती नदी में गिराने पर रोक

बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमिच ने अधिकारियों को जिन गांवों का वेस्ट पानी सरस्वती नदी में गिर रहा है उस पर रोक लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी में जिन गांवों का वेस्ट पानी गिर रहा है, उन्हें नोटिस के माध्यम से वेस्ट पानी पर रोक लगाने के लिए सूचित करें। नोटिस के बाद भी जिन गांवों ने सरस्वती नदी में गिर रहे गंदे पानी का प्रबंधन नहीं किया तो सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## जिला जेल में लगी लोक अदालत में छह मामलों का किया निपटान



यमुनानगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने मामलों की सुनवाई की। इस दौरान लोक अदालत में सात मामले सुनवाई के लिए रखे गए। जिनमें छह मामलों का निपटान किया गया। सीजेएम एवं प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने बताया कि यह लोक अदालत नियमित जेल लोक अदालत है जो हर महीने आयोजित की जाती है। इनमें उन मामलों का निपटारा किया जाता है जो लोक अदालत में निपटाए जाने के योग्य पाए जाते हैं। सीजेएम ने जेल में कैदियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की भी जांच की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी बंदी या कैदी बिना किसी वकील के प्रतिनिधित्व के न रहे। उन्होंने कहा कि यदि कोई निजी वकील नहीं रख सकता है तो डीएलएसए उसे एक पैनल वकील या कानूनी सहायता बचाव वकील प्रदान करेगा। सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि लोक अदालत में सुनवाई के लिए सात मामले रखे गए थे। जिनमें से छह मामलों का निपटान कर दिया गया है।

## सूखा पेड़ यात्रियों के लिए बना परेशानी



रादौर। रादौर-धौलरा मार्ग के किनारे पर खड़ा बबूल का सूखा पेड़ राहगिरों के लिए परेशानी का कारण बनने लगा है। लोगों को आशंका है कि पेड़ कभी भी नीचे गिरकर किसी दुर्घटना का कारण बन सकता है। क्षेत्र के लोगों ने संबंधित विभाग से मार्ग पर सूखे खड़े पेड़ को कटवाए जाने की मांग की है। क्षेत्र के जय सिंह ढिल्लो, जयकुमार, कुलविंदर, सुखदेव, सुरेश व चंद्रप्रकाश आदि ने बताया कि रादौर-धौलरा सड़क मार्ग पर एक बबूल का सूखा पेड़ खड़ा है। जिसके ऊपर से हाईटेंशन तारे गुजर रही है। वहीं सूखा पेड़ जर्जर हालत में सड़क की ओर झूका हुआ है। जो कभी भी गिरकर किसी राहगीर को घायल कर सकता है। बरसात के दिनों में भी सुखे पेड से भारी टहनियां टूटकर राहगीरों को घायल कर चुकी हैं। जिससे आने जाने वाले ग्रामीण परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सर्दी का मौसम चल रहा है और रात्रि के समय धुंध पड़नी शुरु हो चुकी है। जिसमें रात्रि के समय यदि पेड़ नीचे गिर गया तो किसी हादसे का कारण बन सकता है। उन्होंने संबंधित विभाग से सड़क किनारे खड़े सूखे बबूल के पेड़ को तुरंत कटवाए जाने की मांग की है।

## मेनपाल टेलीफोन सलाहाकार समिति के सदस्य बने



रादौर । क्षेत्र के गांव मादुबांस के पूर्व सरपंच मेनपाल पोसवाल को बीएसएनएल में टेलीफोन सलाहाकार समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त सदस्य मेनपाल पोसवाल ने उन्हें बीएसएनएल में टेलीफोन सलाहाकार समिति का सदस्य बनाए जाने पर सांसद नवीन जिंदल का आभार जताया है। टेलीफोन सलाहाकार समिति के नवनियुक्त सदस्य मेनपाल पोसवाल ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी दी गई है। वह उस जिम्मेदारी को अपनी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वह बीएसएनएल उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने का प्रयास करेंगे। वहीं वह ग्राहको के बकाया बिलो के भुगतान को लेकर कार्य करेंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए सांसद नवीन जिंदल, सोनी कुमार व राजकुमार और बीएसएनएल के उच्चाधिकारियों का का आभार जताया है। मेनपाल पोसवाल ने कहा कि वह उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए दिन रात तत्पर रहेंगे।

# सर्व कर्मचारी संघ ने एसआईआर पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय पर प्रदर्शन करते सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित विभिन्न विभागीय संगठनों ने बुधवार को जिला सचिवालय पर एसआईआर के कार्य के लिए बीएलओ कर्मचारियों पर दिए जा रहे दबाव के कारण हो रही दुर्घटनाओं के संदर्भ में प्रदर्शन किया। इस दौरान संघ के सदस्यों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम डीडीपीओ नरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।

सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य बुधवार सुबह जिला सचिवालय के सामने इकट्ठे हुए। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान महिपाल सौदे ने की व मंच संचालन जिला सचिव गुलशन भारद्वाज ने किया। इस दौरान संघ के सदस्यों ने बीएलओ कर्मचारियों पर दिए जा रहे दबाव के कारण हो रही दुर्घटनाओं के संदर्भ में प्रदर्शन किया। एसकेएस वरिष्ठ उपप्रधान संजय कांबोज ने बताया कि हरियाणा समेत देश के कई राज्यों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण चल रहा है। जिसके लिए विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को बीएलओ के रूप में यह जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें अधिकतर शिक्षक हैं। देश भर में इस कार्य को करते हुए शिक्षक व अन्य विभागों के कर्मचारी पिछले कई महीनों से चुनाव प्रक्रिया के कार्यों के बोझ के चलते गंभीर मानसिक, शारीरिक व सामाजिक दबाव का सामना कर रहा है। जिन शिक्षकों व कर्मचारियों को घर-परिवार व अपनी विभागीय जिम्मेदारियों के साथ-साथ चुनाव ड्यूटी निभानी पड़ रही है। उन पर कार्य का बोझ काफी बढ़ गया है। पिछले दिनों कई शिक्षकों व कर्मचारियों की अचानक मौत व बीमारियां सामने आ चुकी हैं। इस सबके बावजूद निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार शिक्षकों व कर्मचारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। इससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने मांग की कि बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए शिक्षकों को बीएलओ कार्य से छूट दी जाए। वोट शुद्धिकरण, वोट काटना एवं वोट बनाना एक पूर्णकालिक व तकनीकी प्रक्रिया है। इसलिए बीएलओ के पद सृजित कर जनता को पूर्ण कालिक सेवा व बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए। बीएलओ को चुनाव संबंधी कार्यों के लिए लैपटॉप व अन्य तकनीकी सहायता उपलब्ध कारवाई जाए।

### यह रहे मौजूद

*इस मौके पर एसकेएस जिला उपप्रधान प्रेम प्रकाश, रमेश कुमार, सह सचिव रिंकु कुमार, ऑडीटर राकेश धनखड़, सदस्य संजीत, सोहन लाल, भजन सिंह, पपला व सुरेश आदि मौजूद थे।*

**पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज**

## शादी समारोह में पार्टी हॉल से रुपयों व जेवर से भरा पर्स चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- पर्स में थे 20 हजार रुपये, सोने और चांदी के आभूषण

जगाधरी के सुखमणि पैलेस में शादी समारोह के दौरान पार्टी हॉल से एक महिला का पर्स चोरी हो गया। पर्स में 20 हजार रुपये की नगदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जगाधरी के हुडा सेक्टर 18 निवासी राजेश त्यागी ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी सुखमणि पैलेस जगाधरी में एक दिसंबर को रात को शादी थी। शादी समारोह में रात करीब साढे 11 बजे वह पार्टी हॉल में मौजूद थे। इस दौरान उसने अपना पर्स जिसमें 20 हजार की नगदी, कानों के टॉप्स, चाबियां का गुच्छा, चांदी का छल्ला तथा अन्य आभूषण थे, उसको साइड में रख दिया और किसी काम में व्यस्त हो गया। कुछ देर बाद वहां से उसका पर्स गायब मिला। काफी तलाश करने के बाद भी पर्स का कुछ भी पता नहीं चला। उसने बताया कि पर्स में करीब तीन लाख 40 हजार रुपये के आभूषण थे। उसने पार्टी हॉल में लगे सीसीटीवी कैमरा की जांच की मगर कोई सुराग हाथ नहीं लगा। बाद में उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# औरंगाबाद की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर


यमुनानगर। रादौर में आयोजित विधानसभास्तरीय रस्साकशी प्रतियोगिता में जोर आजमाइश करते हुए खिलाड़ी।

सांसद खेल महोत्सव के दूसरे चरण में रादौर में सांसद नवीन जिंदल की ओर से विधानसभास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में औरंगाबाद की टीम ने कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रतियोगिता का शुभारंभ सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने किया।

सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में औरंगाबाद की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, गांव बैंडी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह पुरुष वर्ग कुश्ती में मयंक, राहुल तोमर, प्रदीप कुमार, दीपांशु, कनिष्क, आर्यन, अमर सिंह, कपीश सिंह, प्रदीप कुमार व संजीव कुमार ने अलग अलग भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, वॉलीबॉल में प्रतियोगिता में सारन क्लब की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि खो खो प्रतियोगिता में जीएचएस नाहरपुर की टीम ने प्रथम स्थान व नाहरपुर क्लब की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लांग जम्प में सुखविंद्र सिंह ने प्रथम स्थान और हाई जम्प में भूपेंद्र सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि शॉट पुट प्रतियोगिता में विक्रांत ने प्रथम, डिस्कस थ्रो में कुशल कांबोज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह पांच किलोमीटर दौड़ में हिमांशु ने प्रथम, 400 मीटर दौड़ में सौरभ ने प्रथम व सौ मीटर दौड़ में विकास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह रस्साकस्सी में साढूरा गांव की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए महिलाओं से आवेदन आमंत्रित



यमुनानगर। हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त प्रीति ने बुधवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाएं राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए 26 दिसंबर तक इच्छुक महिलाएं महिला एवं बाल विकास कार्यालय यमुनानगर में अपने आवेदन जमा करवा सकती हैं। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए एक लाख 50 हजार रुपये व प्रशंस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए एक लाख रुपये व प्रशंस्ति पत्र, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के लिए एक लाख रुपये व प्रशंस्ति पत्र दिया जाएगा। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए 51 हजार व प्रशंस्ति पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को विभिन्न आठ श्रेणियां में 21-21 हजार रुपये व प्रशंस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा ने बताया कि पहली श्रेणी में एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू तथा नर्स शामिल हैं। दूसरी श्रेणी में महिला खिलाड़ी, तीसरी श्रेणी में साक्षर महिला समूह सदस्य, चौथी श्रेणी में राजकीय कर्मचारी, पांचवीं श्रेणी में सामाजिक कार्यकर्ता, छठी श्रेणी में महिला उद्यमी, सातवीं श्रेणी में स्त्री शक्ति पुरस्कार तथा आठवीं श्रेणी में आंगनबाड़ी कर्मी शामिल हैं।

# स्वच्छता में सभी दें योगदान : धीरज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। विशेष सफाई अभियान में सफाई करके स्वच्छता का संदेश देते हुए निगम के सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को लेकर नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा शहर को सर्वेक्षण में अव्वल स्थान दिलाए जाने को लेकर विशेष सफाई अभियान चलाया है। अभियान का शुभारंभ अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने किया। इस दौरान निगम के सफाई कर्मचारियों ने जहां विभिन्न स्थानों पर साफ सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं, नगर निगम की टीम ने डोर टू डोर घर घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

नगर निगम की टीम ने निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद व मेयर सुमन बहमनी के निर्देशों पर सीएसआई विनोद बेनीवाल की टीम द्वारा कांसापुर रोड और बाजार में सफाई की गई। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन की टीम द्वारा दुकानदारों को सुखा और गीला कचरा अलग अलग कर निगम के वाहनों में डालने का आह्वान किया गया। अभियान के दौरान सफाई निरीक्षक कृष्ण कुमार राणा, आईईसी एक्सपर्ट आकाश कुमार व निगम सुपरवाइजर अमित बोथ आदि ने लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान लोगों को नगर निगम का पैगाम, सफाई बने हमारी पहचान का संदेश दिया गया। अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने नगरवासियों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए और वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए योगदान देने के लिए अनुरोध किया।

**प्रयास** सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से की भेंट

# छठ पूजा घाट व हमीदा पार्क के निर्माण कार्य का जल्द होगा शुभारंभ : घनश्याम

**यमुनानगर में नगर निगम के नए भवन का सीएम से मिला आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर


यमुनानगर। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा विकास कार्यों को करवाए जाने की मांग को लेकर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से भेंट करते हुए।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भेंट कर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में पश्चिमी यमुना नहर पर छठ पूजा घाट व हमीदा के नजदीक पार्क का निर्माण करवाए जाने समेत अन्य विकास कार्यों को करवाए जाने की मांग की। बुधवार को सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने उक्त जानकारी अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र और शहर में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहे, इसके लिए उन्होंने चंडीगढ़ में कबीर कुटिया पर पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनकी शिष्टाचार भेंट हुई है और कई विकास कार्यों पर चर्चा की गई है।

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कई प्रमुख मांगे रखी। जिसमें कई विकास कार्यों को अनुमति मिली है। जिसमें यमुनानगर में नगर निगम के नए भवन, छठ पूजा घाट, हमीदा पार्क का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा । वहीं, सिविल अस्पताल यमुनानगर में एमआरआई की सुविधा बहुत जल्द शुरू कर दी जाएगी। भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अन्य मांगे जैसे यमुनानगर शहर से हाई टेंशन तारें बाहर निकालने का कार्य, सामान्य अस्पताल यमुनानगर में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की संख्या पूरी करने के लिए , घोड़ो पिपली गांव व टापू माजरी गांव में बिजली की समस्या के स्थायी समाधान के लिए अलग से बिजली सब स्टेशन बनाने की मांग एवं यमुनानगर में बन रहे मेडिकल कॉलेज तक पहुंचाने के लिए सीधा चार मर्गीय मार्ग बनाने की मांगे भी प्रमुखता से रखी। विधायक घनश्याम दास ने बताया कि वह अपने यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य करवाने के लिए लगातार हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्ग दर्शन मं यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

## दिव्यांग बच्चों को अधिकारों की दी जानकारी



यमुनानगर। उत्थान संस्थान की कोशिश ईकाई में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्या रूप से एडवोकेट अमिता कुमारी उपस्थित रही। इस दौरान बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। एडवोकेट अमिता ने कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना है। ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद की जा सके। इस दिन का उद्देश्य यह दिखाता है कि दिव्यांग लोग भी समाज में एक्टिव और खुद को शक्तिशाली मान सकें। उन्होंने दिव्यांगजनों के अधिकारों की जानकारी दी। डॉक्टर प्रमोद बाजपई ने कहा कि इन बच्चों में किसी के प्रति कोई द्वेष भाव नहीं है। कोई किसी तरह का कोई छल कपट नहीं है। इन बच्चों की सेवा ही सच्ची नारायण सेवा है। उत्थान संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर अंजू बाजपई ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा यही प्रयास है की ये बच्चे भी अपने पैरों पर खड़े होकर समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सके। यह बच्चे अपने आप को किसी से कम न आंके। इन सभी बच्चों में भगवान ने कोई न कोई गुण देकर भेजा है। जरूरत है उन गुणों को पहचान कर उन्हें सही रास्ता दिखाने की। मौके पर प्रधानाचार्य रविंद्र मिश्रा, स्वाति ठाकुर, सुमित आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### संत शिरोमणि महाराज की जयंती पर कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** संत शिरोमणि श्रीसैन जी महाराज की जयंती पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन लाडवा की अनाजमंडी में 4 दिसंबर को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। जयंती समारोह को लेकर कुरुक्षेत्र के सर्किट हाउस में केश कला बोर्ड हरियाणा के चेयरमैन यशपाल ठाकुर और सैन धर्मशाला के प्रधान काला रायसन ने समाज के लोगों की बैठक ली और कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उन्हें अहम टिप्स देते हुए कार्यकतार्ओं की डियूटियां भी लगाईं। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यशपाल ठाकुर ने बताया कि लाडवा में होने वाले जयंती समारोह में हरियाणा के अलावा साथ लगते प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में समाज के लोग हिस्सा लेंगे।

### डीएलएसए ने जागरूकता कार्यक्रम किए आयोजित



कुरुक्षेत्र। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशा-निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, रेड क्रॉस तथा आशादीप संस्थान में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### हमें हमेशा कन्या पूजन करना चाहिए : शक्ति देव



**थानेसर।** पिपली की शंकर कालोनी में प्रकाश सैनी के निवास पर जय ओंकार अंतर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ संस्थापक सद्गगुरुदेव स्वामी शक्ति देव महाराज कुरडी वाले ने प्रेरणा दी कि निराकार प्ररब्रह्म ओंकार भगवान का साकार रूप मां आदिशक्ति है जो समस्त ब्रह्मांड के लेंखे अर्थात भाग्य लिखती हैं लेकिन सद्गुरु के माध्यम से ओंकार भगवान भाग्य बदल देते हैं जो उनके चरणों में पूर्ण समर्पण और पवित्रता से उनकी शरण में रहता उन पर विश्वास करता हैं और केवल गुरुदेव को ही परम सहारा मानता हो । फिर उसके जीवन में केवल मंगल ही मंगल होता है। हमें अपने अपने घरों में हमेशा कन्या पूजन करना चाहिए।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव : पर्यटकों ने मिट्टी से बनी घरेलू उपयोग में आने वाली वस्तुओं को सराहा

# हरियाणा पैवेलियन में शिल्पकारों को मिल रही पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर लगाए गए हरियाणा पवेलियन में शिल्पकारों को विशेष पहचान मिल रही है। शिल्पकार मनजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा पैवेलियन में आने वाले पर्यटकों उनके द्वारा बनाए गए मिट्टी की घरेलू एवं विशेष त्योहार पर उपयोग में आने वाली वस्तुओं की सराहना कर रहे हैं। गौरतलब है कि सोनीपत के रहने वाले शिल्पकार मनजीत सिंह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में उर्दू विषय (अंशकालिक) में बतौर सहायक प्रोफेसर कार्यरत है। उन्होंने बताया जीवन में कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। उन्होंने कहा कि यदि आपके पास कौशल है तो आप कौशल को व्यवसाय के रूप में भी उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पूर्वज भी मिट्टी के बर्तन तैयार करते थे तथा इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए वे भी शिक्षण के साथ-साथ समय निकालकर मिट्टी के बर्तन भी बनाते है तथा इस कौशल को सीखने के लिए लोगों को प्रशिक्षण भी देते हैं। शिल्पकार मनजीत ने कहा कि हरियाणा पैवेलियन में कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय मंच मिल रहा है। कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्हें खूब कदरदान मिल रहे हैं। युवा पीढ़ी देखने में ही नहीं बल्कि स्वयं करके देखने का आनंद ले रहे है। जब वे चाक पर मिट्टी को सुंदर रूप देते हैं तो बहुत से दर्शक उसे देखने में रूचि दिखाते हैं।

**चाक पर मिट्टी को सुंदर रूप दे रहे शिल्पकार**



## मैजिक मग का जादू देखकर दर्शक रह गए दंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मैजिक मग का जादू देखकर सब दंग रह जाते हैं। पहले तो सब काला दिखाई देता है लेकिन जैसे ही काले मग में गरम चाय या गरम पानी डाला जाता है तो मैजिक शुरू हो जाता है। देखते ही देखते काला मग सुंदर रूप ले लेता है और उसके अंदर छिपी सुंदर कलाकृतियां दिखाई देने लग जाती हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में लगाए गए हरियाणा पैवेलियन में इस बार जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के छात्रों के स्टाल सबके आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। खासतौर पर बीएससी प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग की अंतिम वर्ष की छात्रा शिवानी द्वारा लगाए गए स्टाल पर मैजिक मग का जादू देखकर सब पर्यटक ठहर जाते हैं।

### पर्यटकों का मिला रहा रूझान

शिवानी ने बताया कि वह दो तरह के मग तैयार कर रही है। सबसे ज्यादा मांग मैजिक मग की है। इसके अतिरिक्त चाभी के छल्ले व टी-शर्ट पर पर्यटकों की मनपसंद फोटो को वो सुंदर रूप देती है। भविष्य में स्टार्टअप के माध्यम से आगे बढ़ने के बारे में सोचा है। वह पहली बार इस प्रकार स्टाल लगा रही है लेकिन पर्यटको का जो रूझान मिल रहा है वह उसे आगे बढ़ने के लिए उर्जा प्रदान कर रहा है। कुवि के मीडिया एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में छात्रों को भविष्य का उद्यमी बनाने के लिए यह प्रयास शुरू किया गया ताकि वह अपना कला का प्रदर्शन कर सकें और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की उर्जा मिल सके।




### गीता का ज्ञान सार्वकालिक एवं सर्वदेशीय : मास्टरजी

थानेसर। श्रीमदभगवदगीता समस्त कालों में सम्पूर्ण विश्व के लिए प्रासंगिक एवं उपादेय है। गीता का ज्ञान सार्वकालिक एवं सर्वदेशीय है। वर्तमान युग में मानव जीवन के विभिन्न द्वन्द्वों, परिस्थितियों, व्यक्तिगत, सामाजिक, राष्ट्रीय और वैश्विक समस्त समस्याओं का समुचित समाधान भगवद्गीता में अन्तर्निहित है। यह विचार गीता के प्रकांड विद्वान एवं दार्शनिक, मिशन आठ सौ करोड़ के प्रमुख मास्टर जी ने मातृभूमि सेवा मिशन आयोजित अंतराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह के उपलक्ष्य में वीर अमर क्रांतिकारी खुदीराम बोस की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित गीता संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। गीता संवाद कार्यक्रम का शुभारम्भ मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र एवं मिशन आठ सौ करोड़ के प्रमुख मास्टर जी ने संयुक्त रूप से भारतमाता, योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण एवं वीर अमर क्रांतिकारी खुदीराम बोस के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मास्टरजी ने कहा वर्तमान युग में मानव की समस्या का मुख्य कारण विषयों के प्रति उसकी आसक्ति एवं मोहग्रस्तता है।



### लेदर के पर्स और हैंडबैग ने महिलाओं को किया आकर्षित



कुरुक्षेत्र। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आने वाले शिल्पकार महिलाओं के लिए लेदर से बने हैंडबैग और पुरुषों के लिए पर्स तैयार करके लाए है, यह पर्स और हैंडबैग महोत्सव में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र भी बने हुए है। अहम पहलू यह है कि प्योर लेदर के पर्स के दाम 1 हजार रुपए और लेडीस हैंडबैग की कीमत 2500 रुपए रखी गई है। इसके अलावा उनके पास किफायती दामों में 250 रुपए वाले पर्स भी मौजूद है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में कई स्टॉलों पर महिलाओं और पुरुषों के लिए लेदर के उत्पाद रखे है। शिल्पकारों ने बातचीत करते हुए कहा कि पिछले कई सालों से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आ रहे है। इस महोत्सव में आने का उत्साह और आनंद देश के अन्य मेलों से कुछ अलग ही रहता है, यहां की व्यवस्था और स्वच्छता सभी से एकदम अलग है। इसलिए इस पावन धरा पर हमेशा आने का मन रहता है। उन्होंने कहा कि महोत्सव में पर्स, बेल्ट, बैग, हैंडबैग सहित अन्य उत्पाद तैयार करके लाए है।

## श्रीसनातन धर्म महावीर हनुमान मंदिर में भेंट किए पंखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

- मंदिर के प्रधान दयानंद वाधवा ने रोटरी क्लब का धन्यवाद किया

रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा श्रीसनातन धर्म महावीर हनुमान मंदिर, पुरानी सब्जी मंडी के निकट 9 पंखे भेंट किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत रोटरी सचिव रो. विक्रम गुप्ता द्वारा की गई उन्होंने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। रोटरी प्रधान रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि रोटरी क्लब समाज हित में ऐसे सेवा कार्य समय-समय पर आयोजित करता रहता है और आगे भी करता रहेगा। यह प्रोजेक्ट रो. राजकुमार गर्ग एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनील गर्ग द्वारा स्पॉन्सर किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमेन रो. राजकुमार गर्ग ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, और यह परियोजना उसी भावना का एक छोटा-सा प्रयास है। रो. डॉ. एस. एस. आहूजा ने इस अवसर पर कहा कि समाज को सशक्त और सुविधाजनक बनाना रोटरी का उद्देश्य है, और आज का कार्य उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैमंदिर कमेटी की तरफ से रोटरी प्रधान रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन, रो. राजकुमार गर्ग, श्रीमती सुनील गर्ग तथा श्रीमती गीता गोयल को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रो. महेश गोयल, रो. विरेंद्र ठकराल, रो. एस. एस. खुराना, सहित मंदिर कमेटी के सचिव मदन गंभीर, संजीव कालडा, रवि कांत शर्मा, मदन लाल कथूरिया, राकेश भल्ला उगाला तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## प्रदेश अध्यक्ष पर एफआईआर से कर्मियों में रोष

- पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने किया जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल पर दर्ज की गई एफआईआर ने पूरे प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों में तीखा आक्रोश पैदा कर दिया है। समिति ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला उल्लंघन और शांतिपूर्ण आंदोलनों को दबाने की सोची-समझी कोशिश बताया है। समिति के पदाधिकारियों के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष धारीवाल लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों के साथ जन-जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम चला रहे हैं। इसी क्रम में धारीवाल की अध्यक्षता में जन्तर मन्तर पर ओपीएस बहाली हेतु आयोजित एक शांतिपूर्ण धरना पूरी अनुशासन और मयार्दा के साथ सम्पन्न हुआ। इसके बावजूद केवल अधिक संख्या में कर्मचारियों की भागीदारी का हवाला देकर प्रदेश अध्यक्ष और अन्य कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज कर दी गई, जिसे कर्मचारी समाज ने पूरी तरह अन्यायपूर्ण करार दिया है।



कुरुक्षेत्र। प्रदर्शन में शामिल कर्मचारी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला प्रधान नरेश फुले, राज्य कार्यकारिणी सदस्य मोनिका भारद्वाज व कुलदीप शर्मा,पूनम चहल,पूनम, अमन पाल, बिंटू राम, सुरेश मुकीमपुर, प्रदीप गुप्ता, अनिल कुमार, मनोज भारती, अनिल सैनी, अनिल, महावीर गुप्ता, धर्मचंद, अनुपम, साहिल कुमार, देवी दयाल बिजली विभाग, वीरेंद्र सिंह, बिजली विभाग रजनीश कुमार,यशपाल जेई, रोशन लाल, रामप्रकाश, राजेश कुमार, अनिल चौधरी, वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र जांगड़ा, सुनील कुमार, रामपाल, नरेंद्र प्रकाश, गुरमीत, विक्रम सिंह, विनीत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सर्द मौसम शरीर के साथ मनोबल पर भी प्रभाव डाल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, ज्योतिसर कुरुक्षेत्र में डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में 2057वां निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. संजय शर्मा ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षिकाओं को स्वास्थ्य, जीवन मूल्यों और मानसिक शक्ति के वास्तविक अर्थ से अवगत कराते हुए कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा धन उसका निरोग शरीर और सबसे बड़ी शक्ति उसका अवचेतन मन है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सर्द मौसम केवल शरीर पर नहीं, बल्कि सोच, स्मरणशक्ति और मनोबल पर भी प्रभाव डालता है। सत्र के दौरान उन्होंने नियमित योग-प्राणायाम, पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद और मोबाइल के संयमित उपयोग को जीवनभर मस्तिष्क के लिए अमूल्य पोषण बताया।



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते डॉ संजय शर्मा।

### प्राचार्य संजीव ने जताया आभार

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य संजीव कुमार ने डॉ. शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में वह शक्ति जगाना है जो उन्हें जीवन के हर मोड़ पर सहारा दे। उन्होंने कहा कि आज का सत्र विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, स्वस्थ आदतों और उज्ज्वल सोच की प्रेरणा लेकर आया है। कार्यक्रम में प्राचार्य संजीव कुमार डे, अनिल, अशोक कुमार, संजीव सैनी शिक्षिकगण सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## धीमान ब्राह्मण पंचायत सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान बने राजकुमार



कुरुक्षेत्र। धीमान ब्राह्मण पंचायत सभा (पंजीकृत) कुरुक्षेत्र की नई कार्यकारिणी के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतदान केवल प्रधान, उप प्रधान, सचिव और सह सचिव पदों के लिए हुआ, जबकि अन्य पदों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। मतदान एवं परिणाम घोषणा चुनाव अधिकारी मोहनलाल धीमान, रामेश्वर धीमान, मदन लाल धीमान, राजेश धीमान और राजीव धीमान द्वारा कुशलतापूर्वक की गई। इसके तहत प्रधान पद पर राज कुमार धीमान ने 62% वोट हासिल कर विजय प्राप्त की। वहीं उप प्रधान पद पर रमेश कुमार ने 48% वोट मत और सचिव पद पर मेहर चन्द ने 66% वोट हासिल कर विजय प्राप्त की। सह सचिव पर वेद प्रकाश ने 56% वोट प्राप्त कर विजय हासिल की। प्रेस सचिव के लिए राजीव कुमार, ऑडिटर के लिए संत कुमार व सह-ऑडिटर के लिए यशपाल निर्विरोध चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में नरेंद्र कुमार, जगदीश चन्द, विनोद कुमार, विनोद कुमार, भूपेंद्र धीमान, शिव कुमार व विजय कुमार शामिल रहे।

## प्रदेश का विकास ही सीएम की प्राथमिकता : कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

शाहबाद विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत थड़ौली में लाखों रुपए की नवनिर्मित विकास योजनाएं जनता को समर्पित की गई। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने तीन सडकों, प्राइमरी स्कूल के दो नये कमरों और कश्यप धर्मशाला के नवनिर्मित भवन का विधिवत उद्घाटन किया और धर्मशाला के बरामदे के निर्माण का कार्य जल्द शुरू करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए सुभाष कलसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी को जितनी चिंता हरियाणा और लाडवा विधानसभा की है, उतनी ही चिंता शाहाबाद विधानसभा की भी है। इसी कारण आने वाले समय में शाहाबाद के लिए रिकॉर्ड तोड़ विकास राशि जारी होगी। हरियाणा के अतुलनीय और समान विकास ही मुख्यमंत्री नायब सैनी की प्राथमिकता है।

### *विकास को मिली नई गति : सांगवान*

*भाजपा नेता रविंदर सांगवान ने कहा सुभाष कलसाना के नेतृत्व में शाहाबाद क्षेत्र में विकास की नई गति शुरू हो चुकी है। सडक, शिक्षा और सामाजिक ढांचा हर स्तर पर मजबूत हो रहा है। सरकार की सोच स्पष्ट है कि पानी, बिजली, सडक और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएँ हर घर तक पहुँचें। थड़ौली में हुए कार्य इसी संकल्प की मिसाल हैं। शहरी मंडल के महामंत्री एडवोकेट मनदीप रावा ने कहा ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांगें पूरी होना सरकार और जनप्रतिनिधियों की संवेदनशीलता दर्शाता है। इस अवसर पर रविन्द्र सांगवान ठोल, सरपंच सरबजीत कौर, प्रतिनिधि रामजस, बिट्टू थड़ैली, एडवोकेट मनदीप रावा, पूर्व सरपंच चरणजीत सिंह, मोहित, गुरबचन सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।*

**सहायता** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर 587 दिव्यांगजनों को बांटे 1.8 करोड़ रुपये के सहायता उपकरण

### रेडक्रॉस भवन में सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन, दीप प्रज्जवलन से हुआ शुभारंभ

# जिले में कोई भी दिव्यांगजन सहायक उपकरण से नहीं रहेगा वंचित : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि जिला में कोई भी दिव्यांगजन बिना सहायक उपकरण के वंचित नही रहेगा। एलिम्को भारत की भारत सरकार की सबसे बडी एंजेसी है। इस एजेंसी द्वारा पूरे भारत में सहायक उपकरण मुहैया करवाए जाते है। जिला रेडक्रास सोसायटी मानवता के हित में सराहनीय कार्य कर रही है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा बुधवार को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस भवन में आयोजित सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलन करके विधिवत रुप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि रेडक्रास सोसायटी समय-समय पर रक्तदान शिविरों, फिजियोथेरेपी केन्द्र, नशा मुक्ति सेमिनार, टीबी रोग से बचाव, प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण जैसे शिविरों का आयोजन करके जनसेवा करने का काम निरंतर कर रही है। आमजन को भी इस प्रकार के समाजहित कार्यों में बढ़चढकर भागीदारी करनी चाहिए ताकि जरुरतमंदों लोगों को सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। भारतीय रैडक्रास समिति हरियाणा के महासचिव डा. सुनील कुमार ने बताया कि यह रैडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के नेतृत्व में निरंतर कार्य किए जा रहे है। जिला परिषद के सीईओ शंभू राठी ने बताया कि जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का सभी दिव्यांग जनों को लाभ उठाना चाहिए। नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है। सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही है। हम सब को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। जिदंल हाउस के इंचार्ज सेवानिवृत्त आईएएस धर्मवीर ने सांसद नवीन जिंदल की तरफ से शिविर में उपस्थित सभी दिव्यांग जनों का आभार वक्त करते हुए कहा कि किसी भी दिव्यांगजन को कोई दिक्कत है तो वह जिंदल हाउस आकर सहायक उपकरण प्राप्त करने बारे आनलाईन आवेदन कर सकता है। हरियाणा राज्य शाखा के स्टेट ट्रैनिंग सुपरवाइजर रमेश कुमार ने इस कार्यक्रम के मंच का संचालन किया।





### इस प्रकार किया वितरण

इसी कड़ी में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस भवन 587 दिव्यांगजनों वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। जिसमें 137 दिव्यांगजन को मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल, 64 तिपहिया साइकिल,110 व्हीलचेयर, 2 व्हील चैयर कमोड के साथ, 10 चेयर कमोड के साथ, 5 सीपीआर चेयर, 2 सुगम्य केन, 3 स्मार्ट फोन, 1 विजुअल किट, 36 कालर, 368 कान की मशीन, 216 वाकिंग स्टिक,146 बैसाखियां, 94 नी ब्रेस, 37 एलएस बेल्ट, 80 कृत्रिम अंग, 18 वॉकर सहित अन्य सहायक उपकरण प्रदान किए गए है। जिसपर लगभग 1 करोड़ 8 लाख रुपए का बजट खर्च हुआ है

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सांसद कार्यालय विकास अधिकारी भूषण मंगला, आकाश राणा, राम मेहर अत्री, देवी दयाल शर्मा, प्रदीप झाम्ब, सुरेश कुमार चेयरमैन मार्किट कमेटी थानेसर, संजय सिंह, ईशविन्द्र सिंह, अलिम्को मोहाली डा. तुषार चौधरी, डा. मोहित, अन्जु कश्यप, प्रकाश चन्द्र, ओम प्रकाश, जोगिन्द्र सिंह, सतीश राणा, हरी सिंह, विकास दहिया, नीलम, किरण कश्यप, रोटी बैंक की तरफ से डा. नरेश सैनी, डा. एमएम सिंह, नरेश मेहता, कर्मचन्द, कृष्ण कुमार सहित स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर के रॉयल पैलेस के पास प्रताप नगर से नशा तस्करी मामले में पुलिस ने डेहा कॉलोनी के आरोपी अश्विनी को 14 ग्राम 70 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को अब एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। एएनसी के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से हेरोइन जब्त की।

### चोरी के मामले में संलिप्त आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी मामले में संलिप्त आरोपी शुभम व मुकेश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभु प्रेमपुरम के रहने वाले इंद्रसैन ने 1 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि एच-2 महेशनगर स्थित उसकी दुकान से आरोपी ने इंवर्टर की बैटरी चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रवीण कुमार को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता रणबीर सिंह ने 8 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव अंधेरी में आरोपी प्रवीण कुमार व अन्य ने उससे जमीनी विवाद में 18 लाख रुपये की राशि हडपने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### घर से लाखों की नकदी और आभूषण चोरी

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पीडित महिला ने 10 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने अंबाला छावनी में स्थित उसके घर में घुस कर सोने / चांदी के गहने व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### बिजनेस लोन का झांसा देकर 66 हजार ठगे

**अंबाला।** बिजनेस लोन का झांसा देकर धूलकोट के सागर से 66350 हजार रुपये की धोखाधड़ी हो गई। महेश नगर थाना पुलिस ने सागर की शिकायत पर कविता व नवीन कुमार पर केस दर्ज किया है। परिवादी ने बताया कि उसके पास एसबीएफसी बैंक से कविता नाम की लड़की का फोन आया। युवती ने पर्सनल लोन, बिजनेस व प्रॉपर्टी लोन के बारे में बताया। इस तरह से युवती के झांसे में आकर व्हाट्सएप के जरिए दस्तावेज भेज दिए। युवती व उसका एक अन्य साथी अंबाला कैंट के गार्जिन अस्पताल में मिलने के लिए भी आए। बिजनेस लोन के बारे में बताया। बोले कि 11 से 12 लाख का लोन जल्द ही हो जाएगा। दोनों आरोपियों ने फीस के नाम पर 7 जुलाई 2025 को 13 हजार 800 रुपये ले लिए। इस तरह से से आरोपियों ने 66 हजार 350 रुपये की राशि हड़प ली। अब पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

### बस की चपेट से बाइक सवार महिला की मौत

**अंबाला।** जवाहरपुर के पास बस की चपेट में आने से बाइक सवार महिला संतोष की मौत हो गई। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जांच अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि सुमित वासी गांव तेपला ने बताया कि वह एक कंपनी गांव जवाहरगढ़ अंबाला में काम करता है। कुछ दिन पहले वह अपनी माता संतोष को रिश्तेदारी से चंडीगढ़ से लेकर तेपला लौट रहा था। वह बाइक चला रहा था। उसकी माता पीछे बैठी थी। जब वह शाम 5 बजे अंबाला हाईवे में जवाहरपुर पहुंचे तो चंडीगढ़ साइड से आ रही एक बस चालक ने बाइक के करीब आकर कट मार दिया। बस का अगला हिस्सा मोटरसाइकिल से टकरा गया जिससे दोनों सड़क पर गिर गए। उनकी माता के सिर में गंभीर चोट लगी। इसके बाद बस चालक भाग गया। उन्होंने घायल मां को इलाज के लिए निजी अस्पताल जवाहरपुर में भर्ती कराया जहां उनकी माता की मौत हो गई।

## जिला स्तरीय बालिका ऑन द स्पॉट आर्ट एंड ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन

# वर्ली आर्ट में रामपुर सरसेहड़ी की अनुष्का ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

डीईओ सुधीर कालड़ा ने बाजी मारने वाले छात्रों को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित



**अंबाला।** छात्रों द्वारा बनाई पेटिंग देखते डीईओ सुधीर कालड़ा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला स्तरीय बालिका ऑन द स्पॉट आर्ट एंड ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन पीकेआर जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबाला शहर में संपन्न हुआ। इसमें कक्षा 9 से 12 की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा रहे। इस प्रतियोगिता में कला की छह विधाओं- वर्ली आर्ट, केलीग्राफी, फ़्रीहैंड, डूडलिंग, मंडन और स्टिपलिंग आर्ट पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें जिले भर के स्कूलों से कुल 166 छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। वर्ली आर्ट में प्रथम स्थान अनुष्का रामपुर सरसेहडी, द्वितीय कीर्ति काठे माजरा, तृतीय हरमन रंगिया मंडी,सांत्वना गुरविंदर कौर रायवाली।केलीग्राफी में प्रथम स्थान सबीना प्रेम नगर, द्वितीय लक्षिता बड़ी बस्सी, तृतीय प्रियम कुमारी टुंडला, सांत्वना अंजली नरायणगढ़।

फ़्रीहैंड में नंदिनी बड़ी बस्सी, द्वितीय राधिका शाहपुर, तृतीय नंदिनी जटवाड़, सांत्वना मैन ब्रांच।डूडलिंग में प्रथम हर्षदीप जनसुई, द्वितीय राजविंदर कौर जलबेड़ा,तृतीय सिमरन बड़ी बस्सी, सांत्वना अंकिता मैन ब्रांच। मंडन आर्ट में प्रथम जाह्नवी बड़ी बस्सी, द्वितीय कंगना ज्योली, तृतीय जैस्मीन जनसुई सांत्वना नारायणगढ़,और स्टिपलिंग आर्ट में प्रथम महक पंचाल नोहिनी, द्वितीय वंशिका रामपुर सारसेड़ी तृतीय वंशिका अकबरपुर, सांत्वना वंशिका रायवाली। इन सभी प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार विजेताओं को क्रमशः 3100, 2100,1100 व 500 रूपये की राशि व प्रमाण पत्र जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा प्रदान किये गए।

### पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन

उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया और उन्हें अपनी इस कला को अपने उच्चतम स्तर पर ले जाने को कहा और इस कला के वर्धन व विकास के लिए पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रांगण में लगी इन सभी छात्रों की पेंटिंग प्रदर्शनी भी देखी। उन्होनें छात्रों के अंदर के रचनाकार चिंतक की बहुत प्रशंसा की। उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम की नोडल ऑफिसर डॉ. नीलम शर्मा और उनके सहयोगी मुकेश मित्तल के प्रयासों की सराहना की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति सबरवाल, डीपीसी प्रमोद राणा , डिप्टी डीईओ अशोक राणा व डीएमएस सुशील उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. शिवा अग्रवाल, मंदीप सिंह, शिव प्रकाश, करमवीर, संदीप और राजीव रहे।



**मुलाना।** सब तहसील ऑफिस की व्यवस्थाएं जांचते डीसी व अन्य।

## दर्ज होने वाली एफआईआर की जानकारी ली

# थाने-सब तहसील ऑफिस का डीसी ने किया निरीक्षण

- पुलिस अधिकारियों ने साल में दर्ज होने वाली एफआईआर की जानकारी ली, तहसील कर्मियों को सफाई के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बुधवार को मुलाना पुलिस स्टेशन व सब तहसील का औचक निरीक्षण करते यहां की गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तोमर ने सबसे पहले मुलाना पुलिस स्टेशन का निरीक्षण करते हुए यहां पर बंदी रूम, महिला हेल्प डेस्क रूम, मालखाना, कंडम वाहनों के रखने की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने थाना प्रबंधक प्रमोद सिंह से प्रतिमाह दर्ज होने वाली एफआईआर की जानकारी ली। कानूनी प्रक्रिया के तहत अदालतों में सम्मन की प्रक्रिया के बारे में भी जाना। उन्होंने मालखाना गोदाम के साथ-साथ मैस के साथ दूसरी व्यवस्थाओं का भी मुआयना किया। थाना प्रभारी प्रमोद सिंह ने उपायुक्त को बताया कि इस वर्ष लगभग 304 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। जांच प्रक्रिया के तहत दोनों पक्षों को विस्तार से सुनने के बाद जो आगामी कार्रवाई होती है उसे अमल में लाया जाता है।

### ट्रेजरी के कार्यों की जानकारी ली

नायब तहसीलदार सतविंद्र सिंह के साथ-साथ अन्य स्टाफ को कहा कि जो भी व्यक्ति यहां पर राजस्व विभाग से जुड़े कार्य के लिए आता है उसे पूरी पारदर्शिता व प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने जमाबंदी के साथ-साथ नकल संबंधी कार्य की प्रगति के बारे में भी जाना। उन्होंने ट्रेजरी रूम का निरीक्षण करते स्टाफ से ट्रेजरी के कार्यों की जानकारी ली। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान सब तहसील के प्रांगण में खाली पड़े स्थान पर सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करवाने बारे निर्देश दिए।

### दो बाइक सवार भिड़े एक की दर्दनाक मौत

**मुलाना।** दोसड़का- बराड़ा रोड पर होली कट के सामने दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक चालक शिव दयाल की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के चाचा की शिकायत पर आरोपी अन्य चालक के खिलाफ केस दर्ज कर ली है। पुलिस को दी शिकायत में हरजिंद्र सिंह ने बताया कि शिव दयाल उसका भतीजा है। 30 नवंबर की शाम के समय वह और उसका भतीजा शिवदयाल अपनी-अपनी बाइक पर आए थे। काम खत्म कर दोनों घर के लिए चले तो शिव की बाइक उसकी बाइक से आगे थी। एनआरआई होटल से थोड़ा आगे होली कट के सामने बराड़ा दोसड़का रोड़ पर एक अन्य बाइक चालक ने शिव की बाइक में टक्कर मार दी।

## एसएस जैन स्थानक में विराजित रहेंगे

# जैन मुनि का श्रद्धालुओं ने किया भव्य अभिनंदन



पदविहार करते हुए जैन मुनि।

**मुलाना।** उत्तर भारतीय प्रवर्तक पूज्य गुरुदेव रसिक पूज्य विराग मुनि पंचकुला में ऐतिहासिक चातुर्मास संपन्न कर पदविहार करते हुए मुबारकपुर, साढौरा, यमुनानगर, जगाधरी थाना छप्पर, धीन, बराड़ा, धनौरा के बाद बुधवार को जैन स्थानक पंहुचे। यहां जैन समाज ने उनका भव्य स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। एसएस जैन सभा प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि जैन संत आगामी कुछ दिन एसएस जैन स्थानक में विराजित रहेंगे । उन्होंने बताया कि जैन संत वीरवार से सुबह साढ़े 8 बजे से साढ़े 9 बजे तक प्रतिदिन प्रवचन करेंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की । प्रधान अशोक जैन, कैशियर राम मुर्ति जैन, सचिव उमेश जैन, प्रवीण जैन, पंकज गोयल, यशपाल मलिक ,सुरिंद्र धनौरा, दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# किसान नेता आजाद के निष्कासन के खिलाफ धरतीपुत्र एकजुट हुए

- बड़ी संख्या में भाकियू टिकैट गुट से इस्तीफा देने का किया ऐलान



**शहजादपुर।** किसान नेता रवि आजाद के समर्थन में एकजुट किसान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप से जुड़े किसानों की बैठक गांव बड़ागढ़ में हुई। इसमें जिला अंबाला के साथ पंचकूला व यमुनानगर के पदाधिकारियों सहित काफी संख्या में क्षेत्र के किसानों ने भाग लिया।

किसानों का कहना था कि भाकियू टिकैत के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने किसान नेता रवि आजाद को बिना किसी कारण यूनियन से निष्कासित कर दिया है जिसे लेकर उनमें काफी रोष है। उन्होंने संयुक्त रूप से भाकियू टिकैत ग्रुप से इस्तीफा देने व रवि आजाद के साथ जाने का निर्णय लिया है। किसान ऋषिपाल बीबीपुर ने बताया कि किसान नेता रवि आजाद ने 30 सदस्यीय कमेटी गठित की है। इसमें अंबाला से उन्हें यमुनानगर से सुखबीर कौर व पंचकूला से काका सिंह को सदस्य बनाया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी रवि आजाद के साथ हैं। उन्होंने कहा कि जनवरी माह में 30 सदस्यीय कमेटी की मीटिंग होगी जिसमें संगठन का नाम, झंड़े आदि बारे निर्णय लिया जाएगा। ऋषिपाल बीबीपुर ने कहा कि रवि आजाद हमेशा किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं इसलिए हमारी भी जिम्मेवारी बनती है कि वे जहां भी हमें बुलाए या जो भी कार्य सौंपे हमें उस कार्य पर खरा उतरना चाहिए।

### पंद्रह दिनों में स्कूल से तीसरी बार चोरी

**अंबाला।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल और राजकीय उच्च विद्यालय नंबर सात में 15 दिनों में तीसरी बार चोरी हुई है। चोर स्कूल में सिर्फ इनवर्टर और बैटरी को निशाना बना रहे हैं, जबकि बाकी सामान सुरक्षित है। चोर दरवाजे की कुंडी लगाकर भी जाते हैं। उच्च विद्यालय के लैंग्वेज लैब से 16 बैटरी चोरी मिली। स्कूल के प्रभारी की ओर से डायल 112 पुलिस को सूचित किया गया और शिक्षा विभाग अधिकारियों को भी अवगत करवाया गया। स्कूल से बैटरी चोरी करने के लिए चोरों ने रसोई का ताला तोड़ा और रसोई से आटे के थैले को खाली किया। चोरों ने आटे को परांत में खाली कर ढककर भी रखा और इस थैले में बैटरी भरकर फरार हो गए।

### बैंक में गिरवी संपत्ति पर बयाना करने वाले पिता और पुत्र पर ठगी का केस

- परिवादी का आरोप साजिशन आरोपियों ने 6.10 लाख की धोखाधड़ी की

**अंबाला।** जग्गी गार्डन स्थित तीन मकानों का सौदा करने के नाम पर मनदीप कुमार व बच्चन कुमार से 6.10 लाख की धोखाधड़ी की गई है। बलदेव नगर थाना पुलिस ने दिल्ली के कर्ण नगर वासी मोहम्मद उस्मान और उसके बेटे इरफान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली। आरोपियों ने 43 लाख रुपये का सौदा किया था। आरोपितों ने संपत्ति को अपना बताकर 6 लाख बयाने के रूप में ले लिए थे। बाद में पता चला कि संपत्ति पहले से पंजाब नेशनल बैंक में गिरवी रखी थी। बैंक लोन का खुलासा होने पर पीड़ित ने अपराध शाखा को शिकायत दी थी। पुलिस को दी शिकायत में मनदीप कुमार व बच्चन कुमार ने बताया कि मोहम्मद उस्मान व उसका बेटा इरफान ने दावा किया कि जग्गी गार्डन में मकान नंबर 2, 3 और 4 उनके स्वामित्व में हैं जो वह 43 लाख रुपये में बेचना चाहते हैं। दोनों पक्षों के बीच यह सौदा तय हुआ और 24 मार्च 2023 को बयाने का इकरारनामा तैयार किया गया। 6.10 लाख लेने के बाद 10 अक्तूबर 2023 तक बाकी राशि का भुगतान कर रजिस्ट्री करवाना तय था।

# शिविर में 250 का स्वास्थ्य जांचा

- फ्री मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया




**बराड़ा।** आयोजित स्वास्थ्य कैंप में मरीजों की जांच करते डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

रोटरी क्लब द्वारा गांव उगाला में गुरुद्वारा सिंह सभा परिसर में एक फ्री मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर रोटरी क्लब , समूह इलाका निवासियों तथा आदेश अस्पताल की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के सहयोग से आयोजित किया गया। कैंप में गांव उगाला सहित आसपास के क्षेत्रों से करीब 250 मरीजों ने पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। मेडिसिन, हड्डी रोग, ईएनटी (कान-नाक-गला), नेत्र रोग आदि विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का विस्तृत परीक्षण किया। कैंप में आए सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयां, ब्लड शुगर, बीपी, हिमोग्लोबिन सहित विभिन्न परीक्षण बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध करवाए गए। रोटरी क्लब के अध्यक्ष हरपाल सिंह ने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर जरूरतमंद लोगों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में क्लब का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर सेवा भावना को आगे बढ़ाता रहेगा।

## नौ सूत्री मांगों पर चर्चा की

# लोको पायलट और सहायकों ने प्रारंभ की भूख हड़ताल

- रनिंग स्टाफ संघ ने किया ऐलान

**अंबाला।** अखिल भारतीय लोको रनिंग स्टाफ संघ के आह्वान पर बुधवार को लोको पायलट और सहायक लोको पायलटों ने मंडल मुख्यालयों पर 48 घंटे की भूख हड़ताल शुरू कर दी है। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी नौ सूत्री मांगों पर चर्चा की। प्रदर्शन कर रहे लोको पायलटों का कहना है कि रेलवे तय नियमों के खिलाफ जाकर अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन और लंबी ड्यूटी करवा रही है। यह नियमों की स्पष्ट अनदेखी है और यदि सरकार ने उनकी मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाया, तो आंदोलन को और आगे बढ़ाया जाएगा। लंबित मांगों में टीए के तहत प्रति किलोमीटर भत्ते में 25 प्रतिशत वृद्धि, प्रति किमी भत्ते का 70 प्रतिशत हिस्सा आयकर से मुक्त करना, साप्ताहिक और आवधिक विश्राम सहित आउट स्टेशन विश्राम में बढ़ोतरी, रनिंग स्टाफ को 36 घंटे के अंदर मुख्यालय वापसी, सहायक लोको पायलट को रिस्क एलाउंस सुनिश्चित करना शामिल है।

### इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल की वजह से 53 ट्रेनों का संचालन होगा प्रभावित

**अंबाला।** अंबाला रेल मंडल के अधीन राजपुरा-बठिंडा रेल खंड पर इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल से संबंधित कार्य किया जाएगा। इस कारण इस रेल खंड पर चलने वाली 53 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। अंबाला मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार झा ने बताया कि रेलवे ने उक्त खंड पर कार्य को लेकर 18 दैनिक यात्री ट्रेनों को आगामी तीन माह यानि दिसंबर से फरवरी तक रद्द करने का फैसला किया है। इसके अलावा धुंध के कारण रद्द की गई 10 ट्रेनों को भी इस सूची में शामिल किया गया है, वहीं दो ट्रेन को बीच रास्ते रद्द करके पुनः संचालित करने और 22 ट्रेनों को बदले मार्ग व एक ट्रेन को बीच रास्ते रोक कर देरी से चलाने का फैसला किया है। धुंध शुरू होने के कारण हर साल कई ट्रेनें रद्द की जाती है। वहीं मार्ग पर काम के कारण भी रेल यातायात प्रभावित

## कार्यक्रम | डीसी अजय सिंह तोमर ने वार्षिक खेलकूद दिवस का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

# खेल के जरिए भी छात्र जीवन में कर सकते हैं बड़ी उपलब्धियां हासिल

उपायुक्त का स्कूल प्रधानाचार्य व निदेशक ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया



**अंबाला।** दौड़ स्पर्धा में हिस्सा लेते छात्र व विजेताओं को सम्मानित करते डीसी।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि खेलों का जीवन में अहम महत्व होता है। खेल प्रतिभा में हम अपनी प्रतिभा को निखारते हुए आगे बढ़ सकते हैं।

उपायुक्त बुधवार को एमएम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित वार्षिक खेलकूद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। इससे पहले उपायुक्त का यहां पहुंचने पर स्कूल प्रधानाचार्य व निदेशक ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीपशिखा प्रज्ज्वलित करके किया गया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने इस मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों को वार्षिक खेल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यहां पर आकर उन्हें काफी गर्व महसूस हुआ। यहां के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं में आगे आकर प्रदर्शन करना काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी बचपन से ही अपनी प्रतिभा को निखारकर आगे बढकर अपने शहर व प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी आगे बढ़-चढक़र भाग लेना चाहिए। खेल गतिविधियों में भाग लेकर हम स्वयं को मानसिक रूप से मजबूत बन सकते हैं।

### बेहतर प्रदर्शन किया

उन्होने कहा कि स्कूल द्वारा विद्यार्थियों को यह मंच उपलब्ध करवाना बेहद ही सराहनीय है, जहां पर विद्यार्थी अपनी रूचि अनुसार आगे बढक़र अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं। उन्होंने इस मौके पर स्कूल प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की। इस मौके पर उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेल जगत में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मैडल पहनाकर प्रोत्साहित करते हुए जीवन में आगे बढने के लिए उन्हें अपना आशीर्वाद भी दिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा ग्रुप दौड़ प्रतियोगिता, शिव तांडव प्रस्तुति, जुंबा किड्स के साथ-साथ अन्य का बेहतर प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य सुनीता ने मुख्य अतिथि के साथ-साथ वाईस चांसलर का यहां पहुंचने पर स्वागत किया और स्कूल द्वारा जो गतिविधियां की जा रही है इस बारे जानकारी भी दी।